बाबा तेरे खाटू में एक बार जो आता है भजन लिरिक्स

बाबा तेरे खाटू में,
दिल से तेरे खाटू में,
एक बार जो आता है,
मिलते ही नज़र तुमसे,
तेरा हो जाता है,
बाबा तेरे खाटु में,
एक बार जो आता है।**lbd।**

तर्ज – राधे तेरे चरणों की।

बांकी है तेरी चितवन,
बांके हैं नैन तेरे,
हे श्याम सलोने तू,
सब के मन भाता है,
बाबा तेरे खाटु में,
एक बार जो आता है।**lbd।**

दीनों पे दया करता,
तू दानी दीनदयाल,
हर दीन का इस युग में,
तुही भाग्य विधाता है,
बाबा तेरे खाटु में,
एक बार जो आता है।**lbd।**

आते हैं तेरे दर पे,
अपनों के सताए भी,
तू ग़म के मारों को,
सीने से लगाता है,
बाबा तेरे खाटु में,
एक बार जो आता है।**lbd।**

कहता है जग सारा,
हारे का सहारा तू,
“जालान” भी ये सुनके,
तुम्हे शीश नवाता है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बाबा तेरे खाटु में,
एक बार जो आता है।bd।

बाबा तेरे खाटू में,
दिल से तेरे खाटू में,
एक बार जो आता है,
मिलते ही नज़र तुमसे,
तेरा हो जाता है,
बाबा तेरे खाटु में,
एक बार जो आता है।bd।

गायक – उमाशंकर गर्ग।
भजन रचयिता – पवन जालान।
9416059499 भिवानी (हरियाणा)

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com